# कार्यालय नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर

पत्रांक 56/नि०सैक्शन/2017 दिनांक 09अक्टूबर, 2017

## (अल्पकालीन ई-निविदा सूचना)

नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी विभिन्न निधियों के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर के पंजीकृत ठेकेदारों व विद्युत कार्यो हेतु विद्युत सुरक्षा विभाग में ए-श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 12/10/17.. से दिनांक 23/10/17 सायं 5.00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसकी समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। आमंत्रित निविदायें दिनांक 24/10/17.... को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। उक्त सूचना www.nppshahjahanpur.in पर देखी जा सकती है।

**राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मो0 बिजलीपुरा में बृजेश पण्डित से प्रदीप सक्सेना तथा कल्लू के मकान से बबलू के मकान तक लिंक गली में सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1.64 | 200+GST | 2% | 3 माह |
| 2 | मो0 कृष्णानगर में सुजीत पाठक के घर के सामने नाला निर्माण कार्य। | 1.02 | 100+GST | 2% | 3 माह |
| 3 | मो0 बहादुरपुरा में पूरन लाल के मकान से राजीव कुमार के मकान तक राजीव कुमार के मकान रो मुंशीलाल के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 1.02 | 100+GST | 2% | 3 माह |
| 4 | मो0 लोधीपुर में नन्हें लाल सक्सेना के घर से अरूण मिश्रा के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 1.78 | 100+GST | 2% | 3 माह |

**प्रकाश व्यवस्था**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु अष्टभुजाकार सात मीटर लम्बे विद्युत पोल व एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति ,वं स्थापना का कार्य हनुमतधाम गेट से नया पुल होते हुए रेती चौराहे तक। | 45.63 | 4600+GST | 2% | 3 माह |

## शर्ते

1. प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर के पक्ष में बंधक कर, जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2. निर्माण कार्यों के लिए पालिका के पंजीकृत ठेकेदार व प्रकाश व्यवस्था के कार्य के लिए विद्युत सुरक्षा विभाग में पंजीकृत ए-श्रेणी के ठेकेदार ही निविदा क्रय कर सकते है।
3. निविदादाता को निविदा के साथ रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित देना अनिवार्य है। जिसका आलेख कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

4. निविदा स्वीकृति होने के उपरान्त तीन दिन के अंदर नियमानुसार अपने व्यय पर कार्य का निर्धारित स्टाम्प पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा।
5. न्यूनतम निविदा स्वीकार होने के उपरान्त संबंधित ठेकेदार को स्वीकृत राशि की नियमानुसार कुल 10 प्रतिशत जमानत राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/के0बी0पी0/पोस्टआफिस के रूप में जमा कराते हुए अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बंधक करनी होगी।
6. सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
7. समस्त/किसी एक निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
8. ठेकेदार को समस्त निर्माण संबंधी सामग्री का स्वयं के व्यय पर प्रबंध करना होगा।
9. निर्माण संबंधी समस्त कार्य लोक निर्माण विभाग की अध्यावधिक विशिष्टियों के अनुसार पूर्ण करना होगा।
10. आयकर, रायल्टी व लेबर सेस आदि की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से की जायेगी।
11. नगर पालिका परिषद की नई सड़कें/क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात पॉच वर्ष तक अनुरक्षण/रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी। यह पॉच प्रतिशत धनराशि परफार्मेन्स गारंटी के रूप में पॉच वर्ष के पश्चात सड़क के समुचित रखरखाव होने की दशा में ही वापस की जायेगी।
12. सर्वाधिकार नगर पालिका परिषद, शाहजहॉपुर में सुरक्षित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र शाहजहॉपुर न्यायालय होगा।
13. कार्यादेश निर्गत किये जाने के पश्चात कार्य किये जाते समय एवं कार्य समाप्ति से संबंधित फोटोग्राफ्स संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14. विद्युत सम्बन्धी कार्य हेतु निविदादाता को विद्युत सुरक्षा विभाग से ए-श्रेणी का पंजीयन प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।
15. निविदादाताओं को विद्युत संबंधी कार्य का कम से कम पॉच वर्ष का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।
16. उपरोक्त समस्त कार्यों के लिए देय जी0एस0टी0 का भुगतान शासन के निर्देशानुसार अनुमन्य होगा।

(गिरीश बहादुर सिंह)
लेखाकार

(एस0के0सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, शाहजहॉपुर।

---

दिनांक 09/10/2017

सेवा में,

प्रभारी....अमर उजाला व शोभा टाइम्स
शाहजहॉपुर।

महोदय,

उपरोक्त निविदा सूचना को अपने समाचार पत्र के आगामी अंक में न्यूनतम स्थान में अखबार साइज में शासकीय दरों पर प्रकाशित कराकर, प्रकाशन उपरान्त समाचार पत्र की तीन प्रतियों सहित भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, शाहजहॉपुर

प्रतिलिपिः- नगर मजिस्ट्रेट/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, शाहजहॉपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, शाहजहॉपुर

9415527538

# कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर

पत्रांक 60 / नि0सेक्शन / 2017 दिनांक 23 अक्टूबर, 2017

## ई–निविदा संशोधन सूचना

दैनिक समाचार पत्र, अमर उजाला दिनांक 10.10.2017 एवं शेखर टाइम्स दिनांक 11.10.2017 के अंक में प्रकाशित ई निविदा सूचना पत्रांक 56 / नि0सेक्शन / 2017 दिनांक 09.10.2017 की तिथियों में संशोधन करें, अब ई-निविदायें दिनांक 24.10.217 से दिनांक 30.10.2017 को दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त ई–निविदायें दिनांक 30.10.2017 को अपरान्ह 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में ठेकेदारों के समक्ष (जो उपस्थित होना चाहें) खोली जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर

सेवा में,

प्रभारी दैनिक अमर उजाला / शेखर टाइम्स
शाहजहाँपुर।

महोदय,

उपरोक्त ई–निविदा संशोधन सूचना को अपने समाचार पत्र के आगामी अंक में न्यूनतम स्थान में अखबार साइज में शासकीय दरों पर प्रकाशित कराकर, प्रकाशन उपरान्त समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करने का कष्ट करे।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर

प्रतिलिपिः– नगर मजिस्ट्रेट / प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, शाहजहाँपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर

(1) (अमर उजाला)
(2) (शेखर टाइम्स)